QP CODE **Enrollment Number: ....**

C1106 **Name: ....**

B.A/BCA/B.Sc DEGREE EXAMINATIONS, AUGUST 2025
Second Semester
B21HD01LC - हिन्दी गद्य साहित्य और संरचना

(2023 January & 2024 July Admissions)
(Regular/Supplementary/Improvement)

Time: 3 Hours **Max Marks: 70**

Section A

किन्हीं दस (10) प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या शब्द में दें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होता है।

1. अज्ञेय को किस रचना के लिए भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
2. दो शब्दों के मिलन से बनने वाले शब्द को क्या कहते हैं?
3. कहानी सम्राट नाम से विख्यात लेखक कौन हैं ?
4. भाववाचक संज्ञा के लिए एक उदाहरण लिखिए।
5. किसी एक जनवादी कहानीकार का नाम लिखिए।
6. 'मैं जाऊंगा'- कौन सा भविष्यत काल है?
7. 'ईदगाह' कहानी की बूढ़ी दादी का नाम क्या है?
8. वर्तमान काल में कर्ता पुल्लिंग एकवचन हो तो क्रिया कैसे होते हैं?
9. गजाधर बाबू किस नौकरी से रिटायर होकर घर पहुंचे?
10. 'दुलाईवाली' किसकी रचना है?
11. 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' किसकी रचना है?
12. हिंदी की प्रथम आत्मकथा का नाम लिखिए।
13. अंग्रेजी के Sketch को हिंदी में क्या कहते हैं?
14. राजा ने भ्रष्टाचार ढूंढने का काम किसको सौंपा?
15. रामवृक्ष बेनीपुरी से रजिया की अंतिम भेंट कब होती है?

(1X10=10)

Section B

किन्हीं पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर दो या दो से अधिक शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होता है।

16. मोहन राकेश के दो कहानियों के नाम लिखिए।
17. ईदगाह की सजावट के बारे में लिखिए।
18. 'वापसी' कहानी का मुख्य विषय क्या है?
19. प्रसाद की प्रमुख कहानियों के नाम लिखिए।
20. हिन्दी गद्य के विविध विधाओं के बारे में लिखिए।
21. निबंध क्या है?
22. आत्मकथा और जीवनी में क्या अंतर है?
23. रजिया कौन है?
24. साधु ने सदाचार और भ्रष्टाचार का कैसा वर्णन किया?
25. 'संस्मरण एक विशेष प्रकार की स्मृति होती है।'- क्यों ऐसा कहता है?

(2X5=10)

Section C

किन्हीं छः (6) प्रश्नों के उत्तर एक पृष्ठ के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का होता है।

26. 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी के पात्र जमींदार का चरित्र चित्रण कीजिए।
27. उत्पत्ति के आधार पर शब्द का भेद क्या क्या है?
28. हिन्दी के आरंभकालीन कहानियों और रचनाकारों का परिचय दीजिए।
29. संज्ञा क्या है ? संज्ञा के भेद क्या-क्या हैं ?
30. युग निर्माता प्रेमचंद के बारे में लिखिए।
31. क्रिया के प्रकारों के बारे में लिखिए।
32. 'ईदगाह' मनोवैज्ञानिक कहानी है। सिद्ध कीजिए।
33. व्याकरण की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए।
34. रिपोर्ताज विधा के बारे में लिखिए।
35. निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

भारत देश में अनेक संप्रदाय तथा धर्म के लोग हजारों वर्षों से बहुत ही प्यार से निवास कर रहे हैं । भारत में हिंदू ,मुसलमान, ईसाई, सिक्ख ,बौद्ध ,जैन आदि धर्म के लोग भाईचारे से जीते हैं । भाषा ,रीति -रिवाज ,खानपान, धर्म ,जाति, वस्त्र और आभूषण में विविधता होने वाले हमारे देश में राष्ट्रीय एकता का बड़ा महत्व है ।

QP CODE
C1106

जब हमारे देश पर बाहरी शक्तियों ने आक्रमण किया तब भारत की एकता दर्शनीय रही। हम स्वयं बंगाली, गुजराती, मराठी, पंजाबी आदि नाम से संबोधित करने वाले लोग सब भारतीय हैं। हम सब भारत देश के नागरिक है। देश की एकता में साहित्य एवं कला भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में भावात्मक एकता प्रारंभ से ही विद्यमान है।

1. भारत में विविध धर्म के लोग किस प्रकार जीते हैं?
2. हमारे देश में बाहरी शक्तियों के आक्रमण के समय क्या दर्शनीय रही?
3. देश की एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्या-क्या है?
4. प्रस्तुत गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

36.यात्रावृत्त पर टिप्पणी तैयार कीजिए।

37.एकांकी और नाटक में क्या अंतर हैं ?

(5X6=30)

Section D

किन्हीं दो (2) प्रश्नों के उत्तर दो पृष्ठों के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होता है।

38.'वापसी' की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

39.'सदाचार का ताबीज' का सारांश लिखकर विशेषताएं व्यक्त कीजिए।

40.सारांश देकर समर्थन कीजिए कि 'रजिया' हिंदी के इने गिने श्रेष्ठ रेखा चित्रों में एक है।

41. विशेषण क्या है ?उसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए |

(10X2=20)